
# मीटरों में लगी आग, दहशत में ग्रामीण

## गणेशगंज के पायली क्षेत्र की घटना, अचानक बंद चालू हुई बिजली फिर ट्रांसफार्मर में भड़की आग

**गणेशगंज नवभारत। बिजली विभाग के लखनादौन संभाग अंतर्गत वितरण केन्द्र गणेशगंज के ग्राम पायली (बाम्हनवाड़ा) में मंगलवार को सुबह अचानक ग्राम के सभी घरों के मीटर,केबल सहित अन्य यंत्रों में आग लगने की घटना से पायली के ग्रामवासी दहशत में है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिदिन के अनुसार ग्रामवासी अपने घरों में इस भीषण गर्मी में कूलर, पंखे के सहारे चैन की नींद सो रहे थे वही जब सुबह के लगभग 6:30 बजते ही अचानक पहले लाइट ने अपना तांडव दिखाया अचानक बंद चालू हुई उसके कुछ देर बाद ही अचानक ट्रांसफार्मर सहित सभी के घरों में लगे मीटर तथा केबल में आग भड़क गई। यही नहीं इस दौरान घरों में चल रहे कुलर पंखा भी शॉर्ट सर्किट की भेंट चढ़ गए।



### आखिर बार बार ऐंसी घटना क्यों ?

ग्रामवासियों की मानें तो वर्ष 2019 में भी इसी तरह की घटना हुई थी तब भी ग्राम के सभी टीवी, कूलर पंखे सहित अन्य बिजली से चलने वाले श्रोत शॉर्ट सर्किट से खराब हो गए थे जिससे कई लाखों की नुकसानी ग्रामवासियों द्वारा उठानी पड़ी थी ।यही नहीं उस समय भी लोग करेंट की चपेट में आकार 40त्न तक झुलस गए थे ।आखिर बार बार इस तरह की घटना से विभाग कुछ सीख क्यों नहीं लेता समय रहते मेंटेनेश होते रहता तो इस तरह की घटना नहीं घटती। अब देखने वाली बात होगी बिजली विभाग की टीम इस पर क्या कुछ एक्सन लेती हैं।

वही ग्रामवासियों ने नवभारत से चर्चा में बताया कि इस घटना के दौरान कुछ ग्रामीणों ने कूलर पंखे को बटन बंद करना चाहा तो वह भी करेंट की चपेट में आ गए। हालांकि इस भयानक घटना से सुक्र हैं कि ग्राम के सभी ग्रामवासी सुरक्षित है कोई बड़ी जनहानी नहीं हो सकी।

### इनका कहना है



पक्षी जमफर में फस कर एलटी लाईन में आने से उसमें 1 केब्ही चला गया था जिस कारण यह हादसा हुआ है। हालाकी हमने गणेशगंज एवं बाम्हनवाड़ा की टीम पहुंचाकर लाईट ठीक कर सभी ग्रामवासियों की सप्लाई भी चालू करा दी गई है। जले हुए मीटर भी शीघ्र बदल दिए जाएंगे।

**जयप्रकाश धुर्वे**
**कनिष्ठ अभियंता विद्युत**
**वितरण केन्द्र गणेशगंज**

## परासिया रोड और गुलाबरा क्षेत्र में नगर निगम अमले ने हटाया अतिक्रमण

**छिंदवाड़ा.** शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में परासिया रोड स्थित पंकज टॉकीज के पास एवं सी.ओ. बंगले के सामने सार्वजनिक सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इसके पश्चात गुलाबरा मेन रोड क्षेत्र में भी नगर निगम की टीम द्वारा अलाउंसमेंट के माध्यम से दुकानदारों एवं आम नागरिकों को सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे लगाए गए विज्ञापन स्टैंड भी हटवाए गए। साथ ही प्राप्त सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का भी मौके पर निराकरण किया गया।

# गड़मारी में रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, डंपर जप्त



**नवभारत न्यूज छिंदवाड़ा, 26 मई, खनिज विभाग छिंदवाड़ा की टीम द्वारा गड़मारी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त एक डंपर क्रमांक एमपी 28 जेडएम 8323 को जप्त किया गया।** जप्त वाहन को आगामी जांच एवं कार्यवाही के लिये थाना कुंडीपुरा की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त वाहन के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण तैयार कर आगामी कार्यवाही के लिये कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई बनी भरोसे की बुनियाद



**सिवनी नवभारत। पुलिस द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निराकरण हेतु संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम जन-विश्वास का प्रतीक बनता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन में संवेदनशील पुलिसिंग को नई दिशा मिल रही है।**

**पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**

26 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कृष्ण लालचंदानी ने जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। प्रत्येक फरियादी को अपनी बात निर्भीक होकर रखने का पूरा अवसर प्रदान किया गया, जिससे जनसुनवाई में विश्वासपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ।

कई प्रकरणों का मौके पर ही विधिसम्मत समाधान कर राहत प्रदान की गई। शेष प्रकरणों में संबंधित थाना प्रभारियों को निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के सख्त निर्देश दिए गए। महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं कमजोर वर्गों से संबंधित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

जनसुनवाई प्रक्रिया को जिले के समस्त थाना एवं चौकी स्तर तक विस्तारित किया गया है, जिससे नागरिकों को अपने क्षेत्र में ही त्वरित न्याय मिल सके और जिला मुख्यालय तक अनावश्यक आवागमन न करना पड़े।

### जनता में बना रहे विश्वास

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई केवल शिकायत निवारण का मंच नहीं, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास की बुनियाद है।हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को न्याय सुलभ हो और पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हो।

सिवनी पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे अपनी समस्याएं निर्भीक होकर जनसुनवाई में रखें। प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता के साथ निराकरण करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## आईटीआई प्रवेश 2026 के लिये रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ

**छिंदवाड़ा।** शासकीय ग्रीन आईटीआई छिंदवाड़ा के नोडल प्राचार्य शुभम निमजे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश 2026 के लिये जिले में संचालित शासकीय आईटीआई में एनसीवीटी एवं एससीवीटी के विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश किया जाना है। संस्था में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल www.dsd.mp.gov.in अथवा https://mpiticounseling.co.in पर जाकर प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2026 के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदकों द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 26 जून 2026 से 30 जून 2026 तक की जा सकेगी। साथ ही इच्छित संस्थाओं एवं व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन 01 जून 2026 से 30 जून 2026 तक किया जा सकता है।

## निधन बापूराव चिपड़े

**सौंसर।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी बापूराव चिपड़े का आज लंबी बीमारी के चलते निधन हुआ. उनका अंतिम संस्कार कल सुबह 11 बजे स्थानीय मोक्षधाम में होगा.

## एक नजर में

### गंगा दशहरा के अवसर पर जल स्रोतों की हुई पूजा



**घंसौर।** विकास खंड घंसौर 25 म ई को सेक्टर क्रमांक 01 कहानी के ग्राम बटवानी, कहानी, दरोटकला, मेहता, रमपुरी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर ग्रामों के जल स्रोतों की पूजा की एवं कलश यात्रा निकाली कर ग्राम के शिव मंदिर पहुंच कर ग्रामीण जनो के साथ शिव जी जल अभिषेक किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों जनो से गंगा दशहरा कार्यक्रम पर संवाद किया गया। एवं सभी को गंगा दशहरा पवन पर्व की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बटवानी ,कहानी दरोटकला मेहता रमपुरी, के अध्यक्ष, सचिव, संतोष कुमार, अंकित मर्शकोले, प्रेम कुमार, मंयक शिवहरे, ओम् कार, रामजी , दरोटकला कला की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता , सहायिका ज्योति बाई, मेहता ग्राम पंचायत सरपंच, एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### राज्य स्तर के लिए कु . अंबिका साहू का हुआ चयन



**बरघाट।** एन. के. गौतम (माध्यमिक शिक्षक) शास. उच्च. माध्यमिक विद्यालय बकोड़ी के अथक परिश्रम व प्रयास से विज्ञान, गणित, पर्यावरण मॉडल प्रतियोगिता वर्ष 2025- 26 में छात्रा कु. अंबिका साहू (8 वी) का चयन राज्य स्तर पर हुआ जिसके संरक्षक अजय कुमार भारद्वाज( प्र.पा.) व पी.के. गजभीये ( प्राचार्य) तथा सहयोगी माध्यमिक शिक्षक प्रवीण कुमार बघेल, अशोक कुमार मर्सकोले, सुनीता बोपचे, लक्ष्मी कुमरे व समस्त स्टॉक शास उच्च. माध्य. विद्यालय बकोड़ी रहा द्य राज्य स्तर पर चयनित छात्रा कु अंबिका साहू व मार्गदशक शिक्षक एन.के. गौतम (माध्यमिक शिक्षक) के लिए उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएँ व बधाईया दी गई ।

### उगली में शांति समिति की बैठक संपन्न...



**उगली।** थाना उगली में एसडीओपी केवलारी,नायब तहसीलदार उगली, थाना प्रभारी उगली, थाना कर्मचारियों की उपस्थिति में आगामी पर्व बकरीद को लेकर शांति की बैठक रखी गई .जिसमें सभी समाज के सम्मनिय नागरिक गण ,ग्राम कोटवार ,पत्रकार बंधु उपस्थित रहे, एसडीओपी महोदय केवलारी द्वारा गोवंश कृत्य करने वाले व्यक्तियों के बारे में 5000 का नकद इनाम एवं सुचना देने वाले का नाम गोपनिय रखा जाएगा इस बारे में बताया गया है।शांति समिति की अहम बैठक में नवा गत थाना प्रभारी दया राम शरणागत ने विगत माह में उगली थाना प्रभारी की कमान संभाली है, इस आधार पर सभी से परिचय कर उगली क्षेत्र की शांति सुरक्षा के साथ क्षेत्रीय सभी गणमान्य नागरिको से सहयोग की अपेक्षा की, इस अवसर वरिष्ठ गणमान्य मोहम्मद साबिर अंसारी ,नरेंद्र पटेल, गौरव बिसेन, रामाधार अहिरवार ,पन्नालाल पटेल इमरान अंसारी उपस्थित रहे.

# बिजली के भारी भरकम बिलों ने आम जनता की तोड़ी कमर : उपाध्याय

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 26 मई, भीषण गर्मी में एक ओर बिजली की अघोषित कटौती से जनता हलाकान व परेशान है। वहीं दूसरी ओर बिजली के भारी भरकम बिलों ने आम जनता की जेब पर सीधे डाका डाला है। भाजपा? शासित राज्य सरकार ने बार-बार दरों में वृद्धि व सरचार्ज में अल्प समय में बढोत्तरी कर कंपनियों के माध्यम से खुली लूट मचा दी है।**

विद्युत नियामक आयोग केवल सरकार की कठपुतली बनकर रह गया है। कांग्रेस जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने यह आशय जारी बयान में व्यक्त किए। उन्होंने कहा बिजली कंपनियों द्वारा अप्रैल 2026 में 4.8 फीसदी की बिजली दरों में वृद्धि की गई इसके पश्चात अतिरिक्त सरचार्ज 5.36 प्रतिशत मई 2026 में लागू कर दिया गया इस प्रकार कम समय में 10 प्रतिशत का अतिरिक्त बोझ जनता पर भाजपा सरकार ने डाला है। उन्होंने आगे कहा कि बिजली की आंख मिचोली से जनता भारी परेशान है। किसानों को खेतों में सिचाई हेतु पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल रही। बिजली आपूर्ति बाधित से होने नल जल योजना ठप हो रही। पेयजल के लिये ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को आम जनता की समस्या को देखते हुए तत्काल वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाने ठोस एवं कारगर कदम उठाना चाहिए। बिजली दरों में वृद्धि व अतिरिक्त सरचार्ज को मिला कर की गई 10 प्रतिशत की वृद्धि को वापस लेना चाहिए।

# मलंग शाह बाबा के सालाना उर्स में 8 जोड़ों का कराया गया सामूहिक निकाह





**छपारा नवभारत।** नगर के अब्दुल कलाम वॉर्ड स्थित हजरत मलंग शाह बाबा रहमतुल्लाह अलह की सालाना उर्स के मुबारक मौके पर गत दिनों 22 मई को शानदार कव्वाली का कार्यक्रम हिंदुस्तान के मशहूर कव्वालों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार 22 मई को मलंग शाह कमेटी के द्वारा निकाह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें आसपास क्षेत्र के मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया गया ।

इस वर्ष भी 22 मई को आठ जोड़ो का निकाह संपन्न हुआ,जिसमें छपारा नगर के बस स्टैंड से शाम को बारात निकाली गई जो मलंग शाह दरबार पहुंची जहां आठ जोड़ों का निकाह किया गया सभी को कमेटी की ओर से गृहस्थी का जरूरी सामान दिया गया बारात में आए हुए सभी रिश्तेदार को भोजन कराया गया इस निकाह के कार्यक्रम में नगर के मुस्लिम नागरिक सहित मलंग शाह कमेटी के अध्यक्ष सहित प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया तत्पश्चात हिंदुस्तान के मशहूर क़व्वालों के द्वारा शानदार निस्वती नातिया कव्वाली प्रस्तुत की गई,उक्त शानदार कार्यक्रम सुबह तक जारी रहा।

वहीं मलंग शाह कमेटी के अध्यक्ष मातिन खान के नेतृत्व में निकाह ओर सालाना उर्स का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जहां हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होते हैं। इस नेक और सराहनीय कार्य के लिए मलंग शाह कमेटी की नगर सहित चहुं और प्रशंसा हो रही है ।

## विद्युत विभाग ने 129 शिकायतों का किया गया त्वरित निराकरण

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 26 मई, जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये। इन शिविरों में 129 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से सभी 129 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया।**

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता श्री सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 80, बिल संबंधी 17, बंद/खराब मीटर संबंधी 25, नवीन कनेक्शन संबंधी 00 और 07 अन्य प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 129 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 129 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत प्रदाय संबंधी 80, बिल संबंधी 17, बंद/खराब मीटर संबंधी 25, नवीन कनेक्शन संबंधी 00 और अन्य श्रेणी की 07 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

**बैठक** | **विकास और विश्वास के 12 वर्षों के उत्सव के रूप में प्रभावी ढंग से जनता के बीच मनाया जाएगा**

# क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने दिया संगठन विस्तार और जनसंपर्क का मंत्र



### संगठन विस्तार के साथ व्यक्तित्व विकास भी जरूरी

अजय जामवाल ने पदाधिकारियों को संगठन विस्तार एवं दायित्व निर्वहन के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि संगठन के कार्यों के साथ प्रत्येक कार्यकर्ता का व्यक्तित्व विकास भी होना चाहिए।समाज के साथ समरस होकर कार्य करने से संगठन की मजबूती के साथ क्षेत्र में स्वीकार्यता भी बढ़ती है।उन्होंने संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिम्मेदारियों के अनुरूप कार्य करने के गुरुमंत्र दिए।उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यशैली हर कार्यकर्ता को काम और हर काम के लिए कार्यकर्ता की भावना पर आधारित है और सभी कार्य सामूहिक सहभागिता से संपन्न होने चाहिए।

**सिवनी नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी समाज के लिए कार्य करने वाला राजनीतिक दल है। संगठनात्मक कार्यक्रमों के साथ-साथ समाज के बीच चल रही गतिविधियों में भी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। सामाजिक संगठनों के प्रमुख व्यक्तियों से आत्मीय संबंध बनाए रखने और विपक्षी दलों की गतिविधियों पर सतत नजर रखने की जरूरत है। यह बात भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक में कही।

भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन ने की। इस अवसर पर संगठन के जिला प्रभारी एवं अशोक रोहाणी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री तथा विभिन्न अपेक्षित श्रेणियों के पदाधिकारी शामिल हुए।

**मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर होंगे विशेष कार्यक्रम**

अजय जामवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इसे विकास और विश्वास के 12 वर्षों के उत्सव के रूप में प्रभावी ढंग से जनता के बीच मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता नहीं बल्कि सेवा के लिए कार्य करने वाली पार्टी है और जनता का लगातार बढ़ता विश्वास कार्यकर्ताओं के समर्पण और परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी कार्यक्रम पार्टी के निर्देशानुसार उत्साहपूर्वक संपन्न किए जाएं।

साथ ही प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को प्रत्येक बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से आयोजित करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यकर्ताओं के सामूहिक मिलन और संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है।

जिला भाजपा मीडिया विभाग से मनोज मर्दन त्रिवेदी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि जिला संगठन प्रभारी एवं विधायक अशोक रोहाणी ने जिले में संचालित संगठनात्मक गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि जिला, मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर पर नियमित बैठकों के साथ मन की बात कार्यक्रम शत-प्रतिशत बूथों पर सुना जा रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित मंडल एवं जिला प्रशिक्षण वर्गों की सफलता पर जिले के पदाधिकारियों को बधाई भी दी।

जिला अध्यक्ष मीना बिसेन ने वर्षभर में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक बूथ पर नियमित रूप से आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। जिला कार्यालय में प्रतिदिन पदाधिकारी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं और समाधान का प्रयास करते हैं।

बैठक में विधायक दिनेश राय मुनमुन, कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष मालती डहेरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, सुजीत जैन, भाजपा महामंत्री संतोष अग्रवाल, मुकेश बधेल, गजानंद पंचेश्वर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व जिलाध्यक्ष सुजीत जैन के निवास पहुंचे क्षेत्रीय संगठन महामंत्री का हुआ आत्मीय स्वागत

**सिवनी नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कटनी जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन के निवास पर मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल का आत्मीय एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों एवं परिवारजनों में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। पूर्व जिला अध्यक्ष के निवास पर विधायक केंट जबलपुर एवं सिवनी जिला भाजपा संगठन प्रभारी अशोक रोहाणी , जिला भाजपा अध्यक्ष मीना बिसेन , जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अजय जामवाल का आत्मीय स्वागत किया तथा संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। दोपहर भोज का आयोजन सुजीत जैन के निवास पर किया गया, जहां अजय जामवाल जी ने परिवारजनों के साथ आत्मीय वातावरण में समय बिताया। परिवार के सदस्यों ने उनका अभिनंदन करते हुए निवास पहुंचने के लिए आभार व्यक्त किया।

**-::न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील छिन्दवाड़ा नगर जिला छिन्दवाड़ा ::-**

**-::ईस्तहार::-**

रा.प्र.क्र. /... /ब-121/2026-27
मौजा :-खजरी

आवेदक पदमाकर,प्रकाश,प्रभाकर,सुधाकर, चन्द्रकला,रत्ना पिता ईनू ठाकरे जाति कुन्बी निवासी ग्राम खजरी तहसील छिन्दवाड़ा नगर के द्वारा ग्राम खजरी पटवारी हल्का नंबर 09 स्थित भूमि खसरा नम्बर 184 / 2 रकबा 0.255 हे. भूमि में वर्तमान भूमि स्वामी हक में दर्ज टंटू पिता ढीमरा का नाम दुरूस्त करते हुये आवेदकगण का नाम भूमि स्वामी हक में दर्ज किये जाने के संबध में रिकार्ड दुरूस्ती हेतू आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि पर हित रखने वाले सभी व्यक्तियों का एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वह स्वंय या किसी अधिकृत अधिवक्ताअथवा मान्य अभिकर्ता उपस्थित होकर यदि कोई दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक10/06/2026 तक प्रस्तुत करें उक्त दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित नही हो पाने की दशा में किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/05/2025को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय की पदमुद्रा के जारी किया गया।

पदमुद्रा **अतिरिक्त तहसीलदार छिंदवाड़ा नगर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा**
Municipal Corporation Chhindwara
Add.In tront ot shukla gound. guraiya road Tel-07162-222346 E-mail-commchhindwara@mp.gov.in
क्रं/137/रा.शा.(लीज)/न.पा.नि./26 छिंदवाड़ा दिनांक 25/05/2026

**::-आम-सूचना आपत्ति-इश्तहार-::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिक निगम स्वामित्व की भूमि ब्लॉक नं. 03 प्लाट नं.37का भाग रकबा 12.5X100=1250 वर्गफुट भूमि पर आवेदकगण श्रीमति निशा हरजानी पति स्व. नरेश हरजानी, श्री रोहित एवं श्री नकुल दोनों के पिता स्व.नरेश हरजानी के द्वारा आवेदन पत्र मय पंजीकृत बैनामा,शपथ पत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र, सिजरा वंशावली आदि प्रस्तुत उक्त भू-खण्ड की लीज स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने की मांग की गई है।उक्त भू-खण्ड लीज अभिलेखों में लीजधारी श्री नरेश हरजानी पिता प्रकाशचंद हरजानी के नाम पर दर्ज है। लीजधारी श्री नरेश हरजानी पिता प्रकाशचंद हरजानी की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त भूखण्ड पर आवेदकणों द्वारा वारसान हक में स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। म.प्र. नगरपालिका (अचल संपत्ति का अंतरण)नियम2016(यथासंशोधित)में वर्णित प्रावधानों के अनुसार आवेदकगणों के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर लीज नामांतरण की कार्यवाही प्रस्तावित है।
उक्त भूखण्ड की चतुर्थ सीमा निम्नानुसार हैः-उत्तर में सुरेश परसवानी का भवन, दक्षिण में-चेतनदास,उत्तम दास का भवन, पूर्व में आम रास्ता,पश्चिम में रास्ता है। प्रस्तुत आवेदन पत्र मय संलग्न दस्तावेजों के आधार पर उक्त भू-खण्ड की लीज नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति अथवा कोई हितबद्ध पक्षकार को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर स्वामित्व संबंधी समस्त दस्तावेजों सहित कार्यालय नगर पालिका निगम छिन्दवाडा में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि बाद किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा( म.प्र. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा**
Municipal Corporation Chhindwara
Add.In tront ot shukla gound. guraiya road Tel-07162-222346 E-mail-commchhindwara@mp.gov.in
क्रं/1107/रा.शा.(लीज)/न.पा.नि./26 छिंदवाड़ा दिनांक 26/05/2026

**::-आम-सूचना आपत्ति-इश्तहार-::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिक निगम स्वामित्व की भूमि ब्लॉक नं. 03प्लाट नं.11/5रकबा9×54=486 वर्गफुट भूमि पर आवेदकगण श्री सुदेश दुबे पिता स्व.श्यामलाल दुबे, श्रीमति कल्पना शुक्ला पति रमेश शुक्ला पिता स्व. श्याम लाल दुबे,श्रीमति राखी श्रीवास्तव पति राजेश श्रीवास्तव पिता स्व.श्यामलाल दुबे के द्वारा आवेदन पत्र मय पंजीकृत बैनामा,शपथ पत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र, सिजरा वंशावली प्रस्तुत कर उक्त भू-खण्ड की लीज स्वयं के नाम पर नामांतरण एवं नवीनीकरण किये जाने की मांग की गई है।उक्त भू-खण्ड लीज अभिलेखों में काबिजदार के रूप में श्री गोपाल प्रसाद दुबे के नाम पर दर्ज है। श्री गोपाल प्रसाद दुबे पिता श्री जियालाल दुबे के द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 01.04.1966 के द्वारा विक्रेता श्री शेख रहमान पिता शेख सुभान से क्रय किया गया है। श्री गोपाल प्रसाद दुबे की मृत्यु अविवाहित स्थिति में होने के कारण उनके भाई श्यामलाल दुबे के वारसान / आवेदकगण के द्वारा उक्त भूखण्ड स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।उक्त भूखण्ड की मूल नस्ती कार्यालय में उपलब्ध नहीं है, म.प्र. नगरपालिका अचल संपत्ति का अंतरण नियम 2016 के नियम4(1)परन्तु(क)में दिये गये प्रावधानों के अनुसार आवेदकगणों के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नस्ती का पुनर्निर्माण किये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है।उक्त भूखण्ड की चतुर्थ सीमा निम्नानुसार हैः- उत्तर में राजेश श्रीवास्तव का मकान, दक्षिण में अशोक परसवानी का प्लाट,पूर्व में आम रास्ता,पश्चिम में छेड़ी बाद चौरसिया का भवन है। प्रस्तुत आवेदन पत्र मय संलग्न दस्तावेजों के आधार पर उक्त भू-खण्ड की नस्ती पुनर्निर्माण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति अथवा कोई हितबद्ध पक्षकार को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर स्वामित्व सबंधी समस्त दस्तावेजों सहित कार्यालय नगर पालिका निगम छिन्दवाड़ा में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि बाद किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा( म.प्र. )